बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

दिनांक-13.10.2017 को मिशन निदेशक तथा मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन के द्वारा संयुक्त रूप से कौशल प्रशिक्षण केन्द्र, डुमरी, अथा गाँव, सारण KYP Code- 08020028 का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के क्रम में केन्द्र पर उपस्थित केन्द्र समन्वयक के द्वारा बताया गया कि अक्टूबर बैच में इस केन्द्र पर 40 प्रशिक्षणार्थियों का नामांकन हुआ है । बिहार कौशल विकास मिशन के पदाधिकारियों के निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया कि लैब में केवल 19 प्रशिक्षणार्थी ही उपस्थित थे तथा क्लास रूम में कोई भी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित नहीं थे, जबकि नियमानुसार 40 के बैच में 20 प्रशिक्षणार्थी लैब में तथा 20 प्रशिक्षणार्थी क्लास रूम में उपस्थित रहने चाहिए थे । पूछताछ के क्रम में अनुपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के संबंध में केन्द्र पर उपस्थित Centre Coordinator तथा Learning facilitator के द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका । क्लास रूम के निरीक्षण के क्रम में वहाँ अधिष्ठापित बेंच, डेस्क, प्रोजेक्टर आदि पर धूल का परत पाया गया, जो यह प्रमाणित करता था कि इस केन्द्र पर क्लास रूम सेशन नियमित ढंग से नहीं चलाया जा रहा है ।

निरीक्षण में पाये गये कमियों के आधार पर बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या-BSDM/SDM-18/2017-830 दिनांक-17.10.2017 के द्वारा सचिव, शिक्षा संस्था से स्पष्टीकरण की माँग की गयी । इस स्पष्टीकरण में यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित था कि स्पष्टीकरण का जवाब निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एजेंसी को कोई स्मार पत्र नहीं दिया जायेगा तथा संस्था के विरुद्ध विधिसम्मत अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी ।

निर्धारित समय सीमा के अंदर एजेंसी शिक्षा के द्वारा इस स्पष्टीकरण का कोई जवाब नहीं दिया गया, जो यह प्रमाणित करता है कि एजेंसी के द्वारा इस संबंध में कुछ नहीं कहना है ।

अतः कौशल प्रशिक्षण केन्द्र, डुमरी, अथा गाँव, सारण, KYP Code-08020028 के संचालक एजेंसी शिक्षा को कठोर चेतावनी निर्गत की जाती है तथा उनके इस केन्द्र के अगले Inovice से 40% की राशि की कटौती की जाती है । उन्हें यह भी चेतावनी निर्गत की जाती है कि भविष्य में यदि इस केन्द्र के संचालन में किसी प्रकार की कमी पायी जाती है तो इस केन्द्रों पर छात्रों का नामांकन अवरुद्ध कर दिया जायेगा तथा नामांकित छात्रों का प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात इसे बंद कर दिया जायेगा ।

(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक-BSDM/SDM-18/2016- 1033 पटना,दिनांक- 11/12/2017

प्रतिलिपि- (1) सचिव, शिक्षा, शिक्षा एवेन्यू, रोड नं0 1ई, हाउस नं0-95, न्यू पाटलीपुत्रा कॉलोनी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) मिशन निदेशक/ प्रभारी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन/मिशन प्रबंधक, वित्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । मिशन प्रबंधक, वित्त को आदेश दिया जाता है कि वे कौशल प्रशिक्षण केन्द्र डुमरी, अथा गाँव, सारण, SDC KYP Code-08020028 के अगले Invoice से 40% की राशि कटौती करना सुनिश्चित करें ।

(3) Project Director, MKCL/ Project Director, SPMU(E&Y)/ SPMU Incharge, सारण/ श्री रणदीप सिंह, प्रबंधक,MIS & M&D को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेश दिया जाता है कि इस आदेश को बिहार कौशल विकास मिशन के Web portal पर Upload करना सुनिश्चित करें ।

प्रधान सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।